<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में शामिल गिरिडीह के निमियाघाट थाने को राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित।
- हेमंत सोरेन सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार अगले हफ्ते संभव, कांग्रेस के कई विधायक दिल्ली पहुंचे।
- विधानसभा चुनाव में हार की आज समीक्षा करेगी भाजपा, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी रांची में करेंगे बैठक।
- चक्रवाती तूफान फेंगल का झारखंड में आज से दिखेगा असर, मौसम विभाग ने बादल और धुंध के साथ तेज हवा चलने का जताया पूर्वानुमान।
- 68वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन जेवलिन थ्रो स्पर्धा में झारखंड की शिल्पा कुमारी ने रजत पदक जीता।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज और कल ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। तीन दिन के इस सम्मेलन का कल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के गिरिडीह स्थित निमियाघाट थाने को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा। गृह मंत्रालय ने वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों का चयन किया है। इनमें निमियाघाट थाना भी शामिल है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने निमियाघाट थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डा. विमल कुमार ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

****************

राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ लेने के बाद अब मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कवायद तेज कर दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक अगले हफ्ते तक मंत्रिमंडल का विस्तार कर लिया जायेगा। सरकार ने 9 से 12 दिसंबर तक विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। इसे देखते हुए अगले सप्ताह मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद की जा रही है क्योंकि सत्र के दौरान संसदीय कार्यमंत्री का होना जरुरी है। इधर, मंत्री बनने के लिए विधायकों ने लाबिंग तेज कर दी है। कांग्रेस के कई विधायक दिल्ली में हैं और कुछ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर अपनी भावना से उन्हें अवगत कराया है।

****************

भारतीय जनता पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव में हार की आज समीक्षा करेगी। रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आज दिन के 11 बजे से नवनिर्वाचित विधायक और हारे हुए प्रत्याशियों की एक बैठक बुलायी गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी शामिल होंगे। यह बैठक दो सत्र में बुलायी गयी है। दूसरे सत्र में चुनाव प्रभारियों से हार के कारणों को जानने का प्रयास किया जायेगा। इस बैठक के बाद तीन दिसंबर को दिल्ली में भी एक बैठक होगी, जिसमें केन्द्रीय नेतृत्व को हार के कारणों से अवगत कराया जायेगा।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

<u>वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।</u>

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि भारत अब दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश सभी बहुपक्षीय मंचों पर सिर्फ भागीदार से प्रमुख हितधारक बन गया है। वे नई दिल्ली में आकाशवाणी द्वारा आयोजित डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान 2024 में बोल रहे थे। व्याख्यान का विषय था वैश्विक क्षितिज पर भारत की बढ़ती भूमिका। उपसभापति ने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जैसे नेताओं के आदर्शों पर चलते हुए भारत आज दुनिया भर में एक वैश्विक नेता के रूप में जाना जाता है।

उपसभापति हरिवंश ने देश के विकास में भारत के पहले राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद द्वारा दिए गए योगदान पर भी प्रकाश डाला। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने आकाशवाणी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही आकाशवाणी, राष्ट्र की आवाज बन गई है।

****************

पाकुड़ जिले में पल्स पोलियो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पहल तेज कर दी गयी है।

****************

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र में बना चक्रवाती तूफान फेंगल का असर झारखंड में आज से दिखायी देगा। मौसम विभाग ने बताया कि तूफान के कारण झारखंड के विभिन्न इलाकों में बादल छाये रहेंगे और धुंध देखने को मिलेगी। कुछ जगहों पर तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस तूफान का असर तीन दिसंबर तक रहेगा। इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट आयेगी और ठंड में बढ़ोतरी होगी।

****************

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 26 से 30 नवंबर तक आयोजित 68वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के जेवलिन थ्रो स्पर्धा में झारखंड की शिल्पा कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। राज्य के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड एथलेटिक्स संघ के सभी पदाधिकारी समेत खेल प्रभाग के अन्य पदाधिकारियों ने विजेता खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–दुखदः भगवान बिरसा के वंशज मंगल मुंडा का निधन।

प्रभात खबर के शब्द हैं–बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का निधन, सीएम ने दी श्रद्धांजलि।

दैनिक भास्कर लिखता है– मंत्रिमंडल विस्तार अगले हफ्ते संभव, माले सरकार में शामिल नहीं होगी।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–दिसंबर से राज्य में शुरु होंगी 35 हजार पदों के लिए रुकी हुई बहालियां।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है–अनुराग गुप्ता ने झारखंड के डीजीपी का प्रभार ग्रहण किया।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया के शब्द हैं–विधानसभा सत्र के बाद हेमंत कैबिनेट का होगा विस्तार।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने मौसम विभाग के हवाले से लिखा है–चक्रवात फेंगल आज पांडुचेरी तट से गुजरेगा।

*************